(b) the amount sanctioned for each railway line?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SURESH KALMADI): (a) and (b) In view of the difficult terrain involved, suitable agency is being identified for undertaking the survey for Thakazhi, Thiruvalla, Pathanamthitta line. Rs. 4 lakhs has been provided for the survey work during 1995-%.

हुडकों द्वारा धनराशि प्रदान किये जाने के लिये गुजरात सरकार का प्रस्ताव

408. **श्री गोपाल सिंह जी.सोलंकी**: क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्व शासित गुजरात सरकार ने केन्द्र सरकार को ऐसा कोई प्रस्ताव भेजाथा जिसमें यह अनुरोध किया गया हैं कि हुडको को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य के शहरी ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गो के लिये धनराशि प्रदान करनी चाहिये;

(ख) यदि हां,तो जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं;और

(घ) इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई हैं?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय विभाग में शहरी रोजगार तथा गरीबी उपशासन विभाग में राज्य मंत्री (श्री एस.एस.अहलुवालिया): (क) से (घ) राज्य आवास एजेन्सियां विभिन्न आय वर्गो बाबत आवास योजनाएं मूल्यांकन तथा मंजूरी हेतु सीधे हुडको को भेजती हैं । चालू वित्त वर्ष अर्थात 1995-96 के दौरान (31-1-1996 तक) हुडकों ने गुजरात की विभिन्न आवास एजेन्सियों से प्राप्त आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गो हेतु 21 आवास योजनाओं को मंजूरी दी हैं । इन योजनाओं में जनजातीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गो के लिए 3976 रिहायशी मकान बनाने का विचार हैं । जिले-वार ब्यौरे विवरण में दिया गया हैं ।

आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग श्रेणी की गुजरात से प्राप्त निम्नलिखित दो योजनाओं परहुडकों में जांच चल रही हैं ।

क्रम सं.	कार्यान्वयन एजेन्सी	योजना का नाम	ऋण राशि इ.डब्लू.ई.डब्लू एस.(आर)एस.(यू) रूपये लाखें में	रिहायशी मकान	
1.	गुजरात आवास बोर्ड	618 ई.डब्लू.एस. जामनगर	-	121.85	618
2.	गुजरात भूमिहीन श्रमिक सहायता आवास बोर्ड	370 ई.डब्लू.एस.(आर एच.एस.गांधी नगर में	20.35	-	370

हुडकों में योजनाओं का मूल्यांकन तथा मंजूरी एक सतत प्रक्रिया हैं और यह सम्बद्व योजनाओं के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के साथ ही धनराशि की उपलब्धता पर निर्भर करती हैं ।

विवरण

चालू वर्ष के दौरान गुजरात की आवास योजनाओं की सूची

(**अवधि** 1-4-95 **से** 31-1-96)

क्रम सं.	योजना का नाम	शहर/जिला	ऋण राशि (रू.लाखों में)	रिहायशी मकान
1.	अहमदाबाद में आवास सुधार योजना एन.जी.ओ.	अहमदाबाद	3.86	100
2.	जिला ऊंझा महसाना में 326 ई.डब्ल्यू.एस.आवास योजना	ऊंझा	52.14	326
3.	चेनपुर अहमदाबाद में 82 ई.डब्लू.एस.आवास योजना	अहमदाबाद	12.95	82
4.	चेनपुर अहमदाबाद में 176 ई.डब्लू.एस. आवास योजना	अहमदाबाद	27.80	176
5.	जूनागढ़ तथा अमरेली जिला में 142 ई.डब्लू. एस आवास योजना	ग्रामीण क्षेत्र	27.69	142
6.	जिला बड़ौदा में 106 ई.डब्लू.एस. आवास योजना	बड़ौदा	20.67	106
7.	खैड़ा और कछ जिला में 96 ई.डब्लू.एस.(आर) आवास योजना	ग्रामीण क्षेत्र	18.72	96
8.	मेहसाना तथा बनासंकठ में 112 ई.डब्लू.एस. (आर) आवास योजना	ग्रामीण क्षेत्र	21.84	112
9.	मेहसाना में 1161 ई.डब्लू.एस.(आर) आवास योजना	मेहसाना	63.86	1161
10.	जूनागढ़ आश्रय सुधार योजना	जूनागढ़	9.00	300
11.	बनासकंठ में 154 ई.डब्लू.एस.(आर) आवास योजना	मेहसाना साबरकंठ	30.03	154
12.	अहमदाबाद में भूपिहीन मजदूरों के लिए ई.डब्लू.एस.(आर) आवास योजना	अहमदाबाद	67.16	1221

डी.डी.टी.के प्रतिकूल प्रभाव

409. **श्री गोविन्द राम मिरी**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)क्या मलेरिया तथा अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए डी.डी.टी.के उपयोग से पुरूष प्रजनन शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं,

(ख) क्या बहुत से देशों ने इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया हैं,

(ग) यदि हां,तो इस पर सरकार क्या प्रतिक्रिया हैं,

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं;और

(ड़) क्या सरकार ने इस दिशा में कोई सर्वेक्षण करवाया हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री ए.आर.अन्तुले): (क) प्रायोगिक अध्ययनों से पता चला हैं कि डी डी टी की अधिक खुराकें प्रसव प्रजनन कार्यो पर प्रभाव डाल सकती हैं ।

(ख) से (घ) अनेक बाह्य देशों ने डी डी टी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया हैं । भारत में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि में डी डी टी के उपयोग पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया हैं तथा उपयोग की वार्षिक सीमा तक सीमित कर दिया हैं । डी डी टी का उपयोग मुख्यतः ऐसे क्षेत्रों में किया जाता हैं